**एक नजर में**

## सरसो बीज के नमूने पाए गए अमानक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उप संचालक, बीज अनुज्ञापन अधिकारी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक कुमार शर्मा द्वारा कृषि खाद भण्डार पलेरा बीज उत्पादक संस्था यूलिंक एग्रीटेक प्रालिमि बड़ागांव सेरी पुणे महाराष्ट्र का सरसों बीज किस्म आरएच 725 का नमूना परीक्षण पश्चात अमानक पाये जाने पर बीज की लॉट मात्रा का जिले में भण्डारण क्रय-बिक्रय एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया।**

साथ ही संबंधित संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में बांछित जानकारी कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास टीकमगढ़ को अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। समयावधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने की दशा में बीज नियंत्रण आदेश के तहत कार्यवाही की जायेगी।उप संचालक, बीज अनुज्ञापन अधिकारी, किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा कृषि खाद भण्डार पलेरा बीज उत्पादक संस्था यूलिंक एग्रीटेक प्रालिमि बड़ागांव सेरी पुणे महाराष्ट्र का सरसों बीज किस्म आरएच 725 का नमूना परीक्षण पश्चात अमानक पाये गए।

# खेती की जगह मटेरियल का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर

**ट्रैक्टर ट्रालियों से ढोया जा रहा भवन निर्माण का सामान**

**अधिकांश वाहनों के पास नहीं है आवश्यक दस्तावेज**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफहोकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं।**

कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली टैक्स फ्री रखा गया है लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय किया जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं रखते है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं। इनके पास देखा जाए तो जो व्यक्ति ट्रैक्टर चलाते हैं उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता ट्रैक्टर और ट्रॉली से कृषि कार्य की आड़ में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। पुलिस के सामने से होकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों में बेखौफ होकर यह वाहन दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। जिस पर संबंधित विभाग लगाम नहीं कस पाया है। अधिकतर बिना कागजात, लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ग्रामीण अंचल में नौसिखिया ट्रैक्टर चलाते हैं। ऐसे नौसिखिया के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते वर्षों में ट्रैक्टर ट्राली से कई घटनाएं घटित हो चुकी है। वहीं कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का पिटनेस चेक नहीं करवाते हैं। ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए उपयोग किया जा रहा है जबकि इससे केबल कृषि कार्य करने का प्राबधान है। लोगों का कहना है कि ऐसे ट्रैक्टर मालिकों के उपर कार्यवाही करना चाहिए। वही एक ओर कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का व्यावसायिक उपयोग होने से जहां शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो रही है वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इस ओर नियमित कार्यवाही नहीं की जा रही है। कई ट्रैक्टरों का लोग बीमा नहीं कराते हैं ऐसे में दुर्घटना के बाद लोगों बीमा क्लेम के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक सामान ढोने का व्यापार कर रहे है।

**बगैर लाइसेंस के चला रहे ड्राइवर ट्रैक्टर**

अधिकतर बिना कागजात, लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ग्रामीण अंचल में नौसिखिया ट्रैक्टर चलाते हैं। ऐसे नौसिखिया के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते वर्षों में ट्रैक्टर ट्राली से कई घटनाएं घटित हो चुकी है। वहीं कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का पिटनेस चेक नहीं करवाते हैं। ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए उपयोग किया जा रहा है जबकि इससे केबल कृषि कार्य करने का प्राबधान है।

## बिजली से परेशान किसान करेंगे आंदोलन



**नवभारत न्यूज पलेरा। क्षेत्र के ग्राम बन्ने बुजुर्ग में 100 केवी की डीपी खराब होने के कारण पिछले कई दिनों से किसान परेशान चल रहे है। बिजली समस्या आज बड़ा रूप ले चुकी है। सिंचाई कार्य ठप होने से परेशान सैकड़ों किसान और ग्रामीण सामूहिक रूप से विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो आंदोलन के लिए वे बाध्य होंगे।**

ग्रामीणों ने बताया कि डीपी खराब होने से बिजली पंप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे खेतों की सिंचाई रुक गई है और फसलें सूखने लगी हैं। किसानों ने कहा कि समय पर पानी न मिलने से भारी नुकसान का खतरा बना हुआ है।ग्राम सरपंच अंकित गुप्ता ने कहा कि स्थिति गंभीर होती जा रही है। किसान मजबूर होकर विभाग तक पहुंचे हैं। बिजली के अभाव में खेती करना असंभव हो गया है।डीपी की खराबी को जल्द ठीक किया जाएगा। कुछ किसानों के बिजली बिल लंबित हैं, जिन्हें जमा कराना आवश्यक है। सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो आंदोलन के लिए वे बाध्य होंगे।

# 118 मरीजों की जांच कर दिया उपचार



**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। बुधवार को जिले की मोहनगढ़ तहसील के बंधा गांव में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय मोहनगढ़ द्वारा निशुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 118 मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार दिया गया है।**

जिसमें डॉ बंशी लाला अहिरवार ने बताया की 118 रोगियों की जांच कर रोग अनुसार औषधि प्रदान की गई। शिविर में वात रोग,संधिवात, ज्वर, कास , प्रतिश्याय, चर्म रोग,उदर रोग स्त्रीरोग आदि रोगों की दवा प्रदान की गई। ग्रामवासियों को मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय बताए गए शिविर में डॉ बंशी लाला अहिरवार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, संतोष कुमार पाण्डे कंपाउंडर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भांनकुवर, आगनवाड़ी कार्यकता, आशा कार्यकर्ता , जितेंद्र दांगी, अजीत जैन, शिविर में उपस्थित रहे ।उपस्थित लोगों ने शिविर में शामिल होकर अपना अमूल्य योगदान इस कार्यक्रम में दिया है।

## 6 अमानक औषधियों का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में 6 अमानक आयुर्वेदिक औषधियों के उपयोग क्रय और विक्रय पर तुरन्त रोक लगा दी गई है। इन औषधियों में प्रवाल पिष्टी, गिलोय सत्व, कामदुधा रस, कफ कुठार रस और लक्ष्मी बिलास रस जैसी दवाएं शामिल हैं, ये दवाएं शहर की दुकानों और ऑनलाइन मार्केट में सामान्य रूप से उपलब्ध थीं यह कार्यवाही औषधि नियंत्रक एवं संचनालय आयुष भोपाल के निर्देशानुसार की गई है।**

जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने बताया औषधि निरीक्षक द्वारा प्राप्त जानकारी और प्रयोगशाला परीक्षण के आधार पर यह कदम उठाया गया। इन औषधियों के निर्माण बैच नम्बर एनएक्सक्यू मानक के अनूरूप नहीं पाए गए। अमानक घोषित की गई औषधियों में धन्वंतरि हर्बल्झा वटीजिला सिलोन हिमाचल प्रदेश की प्रवाल पिष्टी बैच नम्बर पीपीएमबी-077, मुक्ताशुक्ति एमएसबीडी 059, शर्मायु जैन्यून आयुर्वेद दतिया की गिलोय सत्व 005-पी-1 और कामदुधा रस 25117002-पी-1, डाबर इंडिया लिमिटेड साहिबाबाद उप्र की कफ कुठार रस एसबी-000-66और लक्ष्मी विलास रस नारदीय बैच नम्बर एसबी-000-65 को जिले में बेंचने और उपयोग पर तुरन्त रोक लगा दी है यदि इन बैच नम्बरों की औषधि का उपयोग पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जिला आयुष विभाग को सूचना दे सकते हैं। अमानक औषधियों का उपयोग सामान्यत: विभिन्न उपचारों में होता था।

# खरगापुर के जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे एसपी



**नवभारत न्यूज खरगापुर। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में थाना खरगापुर परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के आमजन, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरबार उपस्थित रहे तथा उन्होंने सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और जनसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।**

एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस की नवपहल के अंतर्गत वर्तमान में संचालित जनकल्याणकारी अभियानों की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा, सहायता और विश्वास का वातावरण स्थापित करना है। प्रमुख अभियान में महिला सुरक्षा अभियान नीड, परी,भरोसा, सहारा, आसरा,युवा जोड़ो अभियान, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने हेतु जिला स्तरीय जनजागरण अभियान, नशा, कुरीतियों एवं अपराधों के विरुद्ध मजनू अभियान छात्राओं की सुरक्षा व संरक्षण हेतु प्रतिभा सम्मान अभियान, उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहन पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन पहलों का प्रभाव क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

## लोक अदालत को लेकर हुआ मंथन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफ ल क्रियांवयन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीआर भवन, जिला न्यायालय के सभाकक्ष में जिला अभियोजन अधिकारी एवं विभिन्न बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनीता गोयल द्वारा बैंक प्रबंधकों से नेशनल लोक अदालत में प्रस्तुत किये जाने वाले बैंक प्रीलिटीगेशन प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई।

# शाला के बच्चों को नहीं मिल रहा मीनू अनुसार खाना

**नवभारत न्यूज खरगापुर। विकासखंड बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरा के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला स्कूल में बच्चों एव बच्चियों को मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। गुणवत्ता पूर्ण भोजन नहीं मिलने से बच्चों में नारजगी देखने को मिल रही है। बच्चों ने बताया कि भोजन के समय साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है। जब वहां पर जाकर देखा तो बच्चे बेहद परेशान दिखे।**



संवाददात ने बच्चों से हकीकत पूछी तो बच्चों ने कहा कि श्री विंध्यवासिनी माता स्व सहायता समूह गोरा के द्वारा हमें दो पूडी से ज्यादा नहीं मिलती है। बच्चे अधिक होने के कारण किसी बच्चे को पूडी नहीं मिल पाती है। बताया गया कि बच्चों को लिए जो खीर बनाई जाती है उसमें 40 बच्चों के लिए खीर में 500 ग्राम दूध का उपयोग होता है। चावल की खीर में शक्कर की मात्रा कम रहती है। इसके बाद जो रसोईया भोजन बना रही थी उन्होंने बताया कि हमें समूह संचालक के द्वारा 450 ग्राम तेल का पैकेट और 500 ग्राम दूध दिया जाता है इतनी सामग्री में हम 40 बच्चों का भोजन कैसे बना पाएंगे। बच्चों का कहना है कि हमें भरपेट भोजन स्कूल में नहीं मिलता है।खाना साफ सफाई से नही बनाया जाता है। लकड़ी व मिट्टी के बने चूल्हे से खाना पकाया जाता है। बच्चों ने थालियां साफ करवाने का आरोप लगाया है। बच्चों ने बताया कि आज तक हमारी थाली किसी के द्वारा नहीं धोई जाती है। हम अपनी खाने की थाली हर बार अपनी हाथों से धोते हैं। जब इस संबंध में स्कूल के शिक्षक गोरेलाल अहिरवार व अतिथि शिक्षक से बात की तो उन्होंने बताया कि हमने कई बार इस मामले में सुधार करने के निर्देश दिए है।

# सनातन संस्कृति से रहेगी भारतीय सभ्यता सुरक्षित

**बजरंगढ़ हनुमान मंदिर में सनातन कार्यक्रम सपन्न**

**संस्कृति संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया संबोधित**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। सनातन संस्कृति द्वारा ही भारतीय सभ्यता सुरक्षित रहेगी। बच्चों को संस्कारों से जोडने के लिए उन्हें धार्मिक एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का बोध करना होगा। यह बात आज कस्वा बानपुर के बजरंगढ हनुमान मंदिर प्रांगण में सनातन संकल्प अभियान का शुभारम्भ करते हुए सनातन संस्कृतिक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने कही उन्होंनें आज आवश्यकता है एकजुट होकर अपनी संस्कृति के संरक्षण की चर्चा की।**



बसुधैव कुटुम्बकम और प्रत्येक जीव के संरक्षण की भावना पर बल देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आज मोक्षलक्षी धर्मों को एकसूत्र में बाँधकर जाति, वर्ण और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज का निर्माण की जरूरत है। सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा सनातन एवं शाश्वत परंपराओं को बिखरने नहीं देंगे। पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से अपनी मूल संस्कृति को बचाएंगे। हर घर में सनातन की लौ प्रज्वलित करेंगे और व्यवस्थित सशक्त समाज का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा जागरूकता के अभाव में विभिन्न माध्यमों से हमारे धर्म और संस्कृति को गलत ढंग से बताया जाता है। उन्होने मातृशक्ति से आव्हान किया कि जागरूक हो और अपने बच्चों और परिवार को संस्कारों से जोडे। इसके लिए सनातन संस्कृतिक संघ के माध्यम से आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से जुड़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री वीणा जैन ने करते हुए कहा सनातन संस्कृति को मजबूत करने के लिए संगठन के माध्यम से जो प्रयास है वह निश्चय ही समाज में परिवर्तन का शंखनाद करेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने अंजनीपुत्र हनुमान जी महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलित कर किया। सनातन संस्कृतिक संघ के अभियान में बहमकुमारी रुवी दीदी, नीता खरे, डॉ0 नीलम सर्राफ, चेष्टा श्रीवास्तव, डालीराजा, आरती सिंह, उर्मिलादेवी के अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा, डा0 बीआरविश्वकर्मा, अक्षय अलया, डॉ. जितेन्द्र जैन, सुदामा दुबे पत्रकार बांसी उपस्थित रहे।

**प्रदर्शनी** ▶ फिल्म एवं प्रदर्शनी का किया गया प्रदर्शन

# संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट में उद्देशिका का हुआ सामूहिक वाचन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय पर बुधवार को संविधान दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन के अलावा संविधान पर आधारित एक फि ल्म और प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें अधिकारियों ने भाग लिया।**



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। यह आयोजन संविधान के महत्व और उसके आदर्शों को याद करने के लिए किया गया था।अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा के सदस्यों ने भारत के संविधान का निर्माण कार्य पूरा किया था। इसी दिन हम भारत के लोगों ने अपने संविधान को अपनाया था। मंडराह ने आगे बताया कि स्वाधीनता के बाद संविधान सभा ने भारत की अंतरिम संसद के रूप में भी काम किया। उन्होंने संविधान को हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान बताया और कहा कि यह औपनिवेशिक पहचान को त्यागकर राष्ट्रवादी भावना के साथ आगे बढ़ने का मार्गदर्शक ग्रंथ है।अपर कलेक्टर ने भारतीय न्याय संहिता का भी उल्लेख किया जिसे दंड के स्थान पर न्याय की भावना पर आधारित बताया। मंडराह ने कहा कि आज पूरा देश भारतीय लोकतंत्र के आधार हमारे संविधान और उसके निर्माताओं के प्रति आदर व्यक्त कर रहा है। उन्होंने सामूहिक स्तर पर संविधान में आस्था व्यक्त करने, युवाओं को संवैधानिक आदर्शों से अवगत कराने और संविधान सभा में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करने पर जोर दिया। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।मुख्यालय पर बुधवार को संविधान दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन के अलावा संविधान पर आधारित एक फि ल्म और प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया गया।

**कॉलेजों एवं स्कूलों में हुई विशेष सभाएं**

बुधवार को जिला मुख्याल पर संविधान दिवस पर प्रदर्शनी लगाई गई इसके अलावा तहसील, पंचायत स्तर पर भी संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। साथ ही कॉलेजों तथा स्कूलों में विशेष सभाएं आयोजित हुई। जिसमें भारतीय संविधान के अनूठे स्वरूप, संविधान सभा का महत्व एवं योगदान, संविधान सभा की महिला सदस्यों के योजना पर विशेष चर्चा की गई।

## आंगनवाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं की सूची जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला स्तरीय दावा,आपत्ति निराकरण समिति बैठक के निर्णय अनुसार खण्डस्तरीय चयन समिति द्वारा जारी अनंतिम सूची पर प्राप्त दावे, आपत्तियों की सुनवाई पश्चात 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 28 आंगनवाड़ी सहायिकाओं की अंतिम सूची जारी की गयी है।**

आंगनवाड़ी केन्द्रों की अंतिम मैरिट सूची आमजनों के लिये एमपी ऑनलाईन के चयन पोर्टल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। अंतिम चयन प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में चयनित नहीं होने वाले आवेदकों के द्वारा प्रथम अपील पोर्टल पर सूची प्रकाशन की दिनांक के 10 दिवस के अंदर कलेक्टर न्यायालय में एवं प्रथम अपील से भी संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील प्रथम अपील निराकरण उपरांत 10 दिवस के अंदर संभागायुक्त न्यायालय में की जा सकेगी।

# बस दुर्घटना में एक दर्जन यात्री घायल



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मंगलवार की देर शाम एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र की देवरदा चौकी के ठीक सामने हुआ जिसमें बस कंडक्टर मनीष सहित एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। बस टीकमगढ़ से छतरपुर जा रही थी।**

जानकारी के अनुसार जटाशंकर कंपनी की यह बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ों से टकरा गई। हादसा होते ही चौकी में तैनात पुलिसकर्मी तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। उन्होंने तत्काल बल्देवगढ़ थाना पुलिस और डायल 112 को सूचना दी।चौकी प्रभारी लीलाधर गौंड ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए बल्देवगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल आधा दर्जन यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।मंगलवार की देर शाम एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बल्देवगढ़ क्षेत्र की देवरदा चौकी के ठीक सामने हुआ है।